समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# ‘विराट कोहली को चुपके से किया गया रिकॉर्ड’, RCB साथी जॉर्डन कॉक्स का बड़ा खुलासा, बोले- उन्हे सामान्य जिंदगी भी नहीं जीने देते लोग

Sanket Morankar
Published on 11 Jul 2026




भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज़ **विराट कोहली** एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका प्रदर्शन नहीं बल्कि उनकी निजी जिंदगी से जुड़ा एक मामला है। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज़ और **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB)** में विराट के साथी खिलाड़ी **जॉर्डन कॉक्स** ने लंदन में हुई एक निजी मुलाकात का ऐसा खुलासा किया है, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया है।

कॉक्स ने बताया कि दोनों ने पूरी कोशिश की थी कि उनकी मुलाकात निजी रहे, लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी-छिपे उनकी तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। कुछ ही घंटों बाद वे तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

### “दो घंटे बाद विराट ने मुझे मैसेज किया”

जॉर्डन कॉक्स ने बताया कि मुलाकात के दौरान सैकड़ों लोग उनके पास से गुजरे, लेकिन किसी ने उन्हें परेशान नहीं किया। इससे दोनों को लगा कि उनकी मुलाकात पूरी तरह निजी रही है।

हालांकि, करीब दो घंटे बाद विराट कोहली ने उन्हें संदेश भेजकर पूछा कि क्या उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरें देखी हैं।

कॉक्स ने कहा,

> “सैकड़ों लोग हमारे पास से गुजरे, किसी ने हमें रोका नहीं। लेकिन दो घंटे बाद विराट ने मुझे मैसेज किया कि क्या तुमने हमारी तस्वीरें देखीं? मैं हैरान रह गया कि आखिर ये तस्वीरें आई कहां से।”

### "विराट सिर्फ सामान्य जिंदगी जीना चाहते है"

जॉर्डन कॉक्स ने कहा कि विराट कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी के लिए सामान्य जीवन जीना बेहद मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा कि विराट भी बाकी लोगों की तरह अपने दोस्तों के साथ समय बिताना चाहते हैं, बिना किसी शोर-शराबे या कैमरों के।

कॉक्स के अनुसार,

> "सबसे दुख की बात यह है कि लोग बिना बताए उनका पीछा करते हैं। विराट सिर्फ सामान्य जिंदगी जीना चाहते हैं, दोस्तों के साथ समय बिताना चाहते हैं, लेकिन उनकी लोकप्रियता उन्हें ऐसा करने नहीं देती।"

### RCB मे विराट से मिली सीख

जॉर्डन कॉक्स ने आईपीएल 2026 के दौरान विराट कोहली के साथ बिताए समय को अपने करियर का सबसे खास अनुभव बताया।

उन्होंने कहा कि विराट ने उन्हें एक युवा खिलाड़ी की तरह नहीं बल्कि टीम के सदस्य की तरह अपनाया और हर समय उनका मार्गदर्शन किया।

कॉक्स ने बताया कि इतने बड़े खिलाड़ी होने के बावजूद विराट हमेशा अपने साथियों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं।

उन्होंने कहा,

> "आईपीएल में सबसे खास बात यह रही कि विराट ने मुझे बहुत समय दिया। उन्होंने मेरे खेल को समझा और लगातार सलाह दी। इतने बड़े खिलाड़ी का दूसरों के लिए इतना समय निकालना बेहद दुर्लभ है।"

### युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है विराट

कॉक्स ने कहा कि कई खिलाड़ी केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देते हैं, लेकिन विराट कोहली की सोच अलग है। वे पहले टीम और साथी खिलाड़ियों के विकास के बारे में सोचते हैं और बाद में खुद के बारे में।

यही गुण उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेटरों में शामिल करता है।

### इंग्लैड के खिलाफ वापसी को तैयार विराट

विराट कोहली अब पूरी तरह फिट हो चुके हैं और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में भारतीय टीम की ओर से मैदान पर वापसी करेंगे।

आईपीएल 2026 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए **600 से अधिक रन** बनाए थे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वे अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेल सके थे।

अब क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें **14 जुलाई** से शुरू होने वाली भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज पर हैं, जहां विराट कोहली एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

जॉर्डन कॉक्स के इस खुलासे ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि विश्वभर में विराट कोहली की लोकप्रियता कितनी बड़ी है। साथ ही यह भी सामने आया कि इतनी प्रसिद्धि के बीच निजी जीवन और सामान्य पल बिताना किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के लिए कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.